एसएससी एमटीएस व हवलदार भर्ती का नोटिफिकेशन 27 को

बीकानेर| स्टाफ सलेक्शन कमीशन (एसएससी) एमटीएस एवं हवलदार भर्ती 2024 के लिए नोटिफिकेशन 27 जून को जारी करेगा। एसएससी की ओर से नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया भी 27 जून 2024 को शुरू कर दी जाएगी। आवेदन शुरू होते ही अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से एसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर जाकर फॉर्म भर सकेंगे। एसएससी की ओर से इस भर्ती के जरिये हवलदार, चपरासी, दफ्तरी, जमादार, जूनियर गेस्टेटनर ऑपरेटर, चौकीदार, सफाईवाला, माली आदि पदों पर की जाएगी। आवेदन की आखिरी तारीख 31 जुलाई होगी। उम्मीदवारों का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास होना जरूरी है। एसएससी ने न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष तथा अधिकतम 25/ 27 वर्ष होना चाहिए। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट होगा। विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है।